करूँ कैसे मैं शूकरणा झंडेवाली का

करूँ कैसे मैं शूकरणा झंडेवाली का,
झंडेवाली का मेहरा वाली का जोता वाली का,
मुझे घर में जगराता करवाना झंडेवाली का,

जबसे तेरी शरण में आया और न कुछ भी भाये,
ये जग सारा उसका हो जाये जो तेरा हो जाए,
घर आपने बना ठिकाना झंडेवाली का,
करूँ कैसे मैं शूकरणा झंडेवाली माँ का,

कोई न जाने तेरी माया जगदम्बे महा माया,
धरती एम्बर और पताल में तेरा नूर समाया,
हर कोई हर कोई है मस्ताना झंडे वाली का,
करूँ कैसे मैं शूकरणा झंडेवाली माँ का,

तेरी करनी कोई ना जाने आंबे आध भवानी,
वली और ये पीर पैगम्बर तेरा भरते पानी,
नीरज भी हुआ दीवाना झंडेवाली का,
करूँ कैसे मैं शूकरणा झंडेवाली माँ का,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/4283/title/karu-kaise-main-shukrana-jhandevali-ka-mehara-vali-ka

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |